दूरभाष : कार्यालय 05822-231626
आवास 05822-231987

# गन्ना उत्पादक (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय

बहेड़ी-243 201 (बरेली) उ. प्र.
(सम्बद्ध : एम0 जे0 पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली)
website:-http//www.gupg.co.in
E-mail:-gucollege@rediffmail.com

पत्रांक 553 /ग0उ0म0/2025-26

दिनांक : 20/12/25

## अवकाश सूचना

महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि:-

1. परीक्षा नियंत्रक, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड, बरेली के पत्रांक रू.वि/प.नि.का./2025/3139-45 दिनांक 12.12.2025 द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 05.01.2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षायें पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित होती रहेगीं। इस अवधि में प्रत्येक रविवार (05 रविवार) एवं दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 24.12.2025 तथा दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 05.01.2026 तक (08) शीतकालीन अवकाशों में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालय परीक्षाओं को सम्पादित कराने के लिये जिन शिक्षकों को परीक्षा डयूटी आवंटित की गयी हैं, उन्हें एक दिन की ड्यूटी के बदले एक दिन का प्रतिपूरक अवकाश (कुल 13 दिवस) प्रदान किये जायेगें। बिना पूर्व अनुमति के कोई भी शिक्षक मुख्यालय नहीं छोड़ेगें। परीक्षा फार्मों एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए किसी भी शिक्षक को बुलाया जा सकता है।
2. महाविद्यालय में दिनांक 25.12.2025 को क्रिसमस के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।
3. महाविद्यालय में दिनांक 27.12.2025 को गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।
4. महाविद्यालय में दिनांक 01.01.2026 को नव वर्ष के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।
5. महाविद्यालय में दिनांक 03.01.2026 को हजरत अली जन्मदिन के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।

**समस्त शिक्षक एवं छात्र/छात्रायें तदनुसार सूच्य हों।**

प्रो०(डॉ०) हरिकेश सिंह
प्राचार्य
गन्ना उत्पादक महाविद्यालय
बहेड़ी (बरेली)

**प्रतिलिपि**- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1. समन्वयक, समस्त संकाय को छात्रों के ग्रुप में प्रसारित करने हेतु।
2. श्री राजेश चन्द्रा, प्रभारी सोशल मीडिया,
   को महाविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।

प्रो०(डॉ०) हरिकेश सिंह
प्राचार्य